रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-25102024-258244
CG-DL-E-25102024-258244

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 607] नई दिल्ली, शुक्रवार, अक्तूबर 25, 2024/कार्तिक 3, 1946
No. 607] NEW DELHI, FRIDAY, OCTOBER 25, 2024/KARTIKA 3, 1946

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 22 अक्तूबर, 2024

सा.का.नि. 665(अ).—केन्द्रीय सरकार जैव विविधता अधिनियम, 2002 (2003 का 18) की धारा 62 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा जैव विविधता नियम, 2004 को, उन बातों के सिवाए जिन्हें ऐसे अधिक्रमण से पूर्व किया गया है या करने का लोप किया गया है निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात:-

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ.- (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम जैव विविधता नियम, 2024 है।

(2) ये राजपत्र में अधिसूचना की तारीख से साठ दिन की समाप्ति पर प्रवृत्त होंगे।

2. परिभाषाएं.- (1) इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, -

(क) "अधिनियम" से जैव विविधता अधिनियम, 2002 (2003 का 18) अभिप्रेत है;

(ख) ''प्राधिकरण'' से अधिनियम की धारा 8 की उपधारा (1) के अधीन स्थापित राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण अभिप्रेत है;

(ग) "न्यायनिर्णायक अधिकारी" से अधिनियम की धारा 55क के अधीन नियुक्त किसी अधिकारी अभिप्रेत है;

(घ) ''जैव-विविधता प्रबंधन समिति'' से अधिनियम की धारा 41 की उपधारा (1) अधीन स्थापित जैव विविधता प्रबंधन समिति अभिप्रेत है;

(ङ) "अध्यक्ष" से प्राधिकरण के अध्यक्ष अभिप्रेत है;

(च) "शुल्क" से इन नियमों की प्रथम अनुसूची में निर्दिष्ट कोई शुल्क अभिप्रेत है;

(छ) ''प्रपत्र'' से इन नियमों की दूसरी अनुसूची के अंतर्गत निर्दिष्ट प्रपत्र अभिप्रेत है;

(ज) "सदस्य" से प्राधिकरण का सदस्य अभिप्रेत है और इसमें अध्यक्ष तथा सदस्य सचिव सम्मिलित हैं;

(झ) "सदस्य-सचिव" से, यथास्थिति प्राधिकरण या राज्य जैव विविधता बोर्ड या संघ राज्य क्षेत्र जैव विविधता परिषद के पूर्णकालिक सचिव अभिप्रेत है।

(2) उन शब्दों और पदों का, जो इसमें प्रयुक्त है, और परिभाषित नहीं है किंतु अधिनियम में परिभाषित है, वही अर्थ होंगें जो उस अधिनियम में है।

3. अध्यक्ष के चयन और नियुक्ति की रीति.- (1) अध्यक्ष की नियुक्ति केन्द्रीय सरकार द्वारा की जाएगी।

(2) उप-नियम (1) के अधीन अध्यक्ष की प्रत्येक नियुक्ति या तो प्रतिनियुक्ति के आधार पर, जिसके अधीन अल्पकालिक संविदा भी है, या सरकार के बाहर से चयन द्वारा की जाएगी और यदि नियुक्ति सरकार से प्रतिनियुक्ति या अल्पकालिक संविदा के माध्यम से हो तो आवेदक भारत सरकार के अपर सचिव के पद से नीचे का नहीं होगा ।

4. अध्यक्ष की पदावधि.- (1) अध्यक्ष, नियुक्ति के प्रकाशन की तारीख से तीन वर्ष की अवधि तक पद धारण करेगा और पुनर्नियुक्ति का पात्र होगा।

परन्तु कोई भी अध्यक्ष, पैंसठ वर्ष की आयु प्राप्त कर लेने के पश्चात् या उसकी पदावधि समाप्त हो जाने के पश्चात्, जो भी पहले हो, पद धारण नहीं करेगा।

(2) अध्यक्ष केन्द्रीय सरकार को लिखित में एक माह का नोटिस देकर अपने पद से त्यागपत्र दे सकेगा।

5. वेतन और भत्ते.- (1) अध्यक्ष भारत सरकार के सचिव के समतुल्य वेतन का हकदार होगा ।

(2) यदि किसी सेवानिवृत्त व्यक्ति को अध्यक्ष नियुक्त किया जाता है तो वेतन ऐसे व्यक्तियों पर लागू केन्द्रीय सरकार के विद्यमान आदेशों के अनुसार निर्धारित किया जाएगा।

(3) अध्यक्ष ऐसे भत्ते, छुट्टी, पेंशन, भविष्य निधि, चिकित्सा सुविधाएं, किराया मुक्त आवास या मकान किराया भत्ता, अन्य सुविधाओं का हकदार होगा, जो समकक्ष रैंक के केंद्रीय सरकार के अधिकारियों को स्वीकार्य हैं ।

6. गैर-सरकारी सदस्यों की पदावधि और भत्ते.- (1) प्रत्येक गैर-सरकारी सदस्य, राजपत्र में ऐसे सदस्य की नियुक्ति के प्रकाशन की तारीख से तीन वर्ष से अधिक की अवधि के लिए पद धारण करेगा ।

(2) प्राधिकरण की बैठक में उपस्थित होने वाला प्रत्येक गैर-सरकारी सदस्य बैठक भत्ता, यात्रा व्यय, दैनिक भत्ता तथा ऐसे अन्य भत्तों का हकदार होगा, जो केन्द्रीय सरकार के आयोगों तथा समितियों की बैठकों में उपस्थित होने वाले गैर-सरकारी सदस्यों पर लागू होते हैं ।

7. गैर-सरकारी सदस्यों की रिक्तियों को भरना.- (1) कोई भी गैर-सरकारी सदस्य, अध्यक्ष को सूचित करते हुए, केन्द्रीय सरकार को एक माह का लिखित नोटिस देकर किसी भी समय अपने पद से त्यागपत्र दे सकेगा।

(2) केन्द्रीय सरकार द्वारा त्यागपत्र स्वीकार कर लिए जाने पर या नोटिस की अवधि समाप्त हो जाने पर प्राधिकरण में उस सदस्य का स्थान रिक्त हो जाएगा ।

(3) किसी गैर-सरकारी सदस्य की आकस्मिक रिक्ति नए नामांकन द्वारा भरी जाएगी और रिक्ति को भरने के लिए नामित व्यक्ति केवल उस सदस्य की शेष अवधि के लिए पद धारण करेगा जिसके स्थान पर ऐसा सदस्य नामित किया गया था।

8. सदस्यों को हटाया जाना.- किसी भी सदस्य को अधिनियम की धारा 11 में निर्दिष्ट किसी भी आधार पर, केन्द्रीय सरकार द्वारा की गई जांच के बिना तथा ऐसे सदस्य को सुनवाई का उचित अवसर दिए बिना, पद से नहीं हटाया जाएगा।

9. सदस्य-सचिव.- (1) केन्द्रीय सरकार, प्राधिकरण के लिए एक सदस्य-सचिव की नियुक्ति करेगी।

(2) सदस्य-सचिव, भारत सरकार के संयुक्त सचिव के समतुल्य वेतन पाने का हकदार होगा।

(3) सदस्य-सचिव की नियुक्ति की निबंधन और शर्तें केन्द्रीय सरकार द्वारा अवधारित किए जाएंगे।

(4) सदस्य-सचिव प्राधिकरण की बैठकें बुलाने, प्राधिकरण की कार्यवाहियों के अभिलेखों के रखरखाव तथा ऐसे अन्य मामलों के लिए उत्तरदायी होगा, जो उसे प्राधिकरण या अध्यक्ष द्वारा सौंपे जाएं।

(5) सदस्य-सचिव प्राधिकरण के सभी कागजातों और अभिलेखों का प्रभारी होगा तथा उनकी सुरक्षित अभिरक्षा के लिए उत्तरदायी होगा।

(6) प्राधिकरण द्वारा जारी सभी निर्देश, संकल्प, आदेश और अनुदेश साधारणतया सदस्य-सचिव या अध्यक्ष द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत किसी अन्य अधिकारी की मुहर और हस्ताक्षर से जारी किए जाएंगे।

10. प्राधिकरण की बैठकें.- (1) प्राधिकरण की बैठक वर्ष में तीन माह में कम से कम एक बार प्राधिकरण के मुख्यालय में या ऐसे स्थान पर होगी, जैसा अध्यक्ष द्वारा विनिश्चित किया जाए।

(2) अध्यक्ष, प्राधिकरण के कम से कम छह सदस्यों के लिखित अनुरोध पर या केन्द्रीय सरकार के निदेश पर, प्राधिकरण की विशेष बैठक बुलाएगा।

(3) सदस्यों को साधारण बैठक आयोजित करने के लिए कम से कम पंद्रह दिन पहले तथा विशेष बैठक आयोजित करने के लिए कम से कम तीन दिन पहले सूचना दी जाएगी, जिसमें बैठक आयोजित करने का उद्देश्य, समय और स्थान निर्दिष्ट किया जाएगा:

परंतु अध्यक्ष, अत्यावश्यक मामलों पर विचार करने और निर्णय लेने के लिए सदस्यों को अल्प सूचना देकर प्राधिकरण की आपातकालीन बैठक बुलाने को प्राधिकृत कर सकेगा।

(4) प्रत्येक बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष द्वारा की जाएगी तथा अध्यक्ष की अनुपस्थिति में, उपस्थित सदस्यों में से सदस्य-सचिव की उपस्थिति में निर्वाचित पीठासीन अधिकारी द्वारा की जाएगी।

(5) यदि आवश्यक हो तो प्राधिकरण की बैठक में विनिश्चय उपस्थित और मतदान करने वाले सदस्यों के साधारण बहुमत द्वारा लिए जाएंगे तथा अध्यक्ष या अध्यक्ष की अनुपस्थिति में अध्यक्षता करने वाले सदस्य को द्वितीय या निर्णायक मत देने का अधिकार होगा।

(6) सदस्य-सचिव सहित प्रत्येक सदस्य के पास एक वोट होगा ।

(7) प्राधिकरण की प्रत्येक बैठक में गणपूर्ति सात सदस्यों की होगी।

(8) बैठक में कोई सदस्य प्राधिकरण के सदस्य विचारार्थ कोई मामला लाने का हकदार होगा जिसके लिए उसने दस दिन की सूचना दी हो या अध्यक्ष अपने विवेकानुसार ऐसा करने की अनुमति दे।

(9) प्राधिकरण के सदस्य-सचिव द्वारा सदस्यों को बैठक की सूचना इलेक्ट्रॉनिक रूप से या ऐसे अन्य तरीके से दी जा सकेगी, जैसा मामले की परिस्थितियों में उचित समझा जाए।

11. प्राधिकरण के साधारण कार्य .- प्राधिकरण,-

(क) राष्ट्रीय जैव विविधता कोष के प्रशासन का कार्य कर सकेगा;

(ख) विशिष्ट प्रयोजनों के लिए राज्य जैव विविधता बोर्डों या संघ राज्य क्षेत्र जैव विविधता परिषदों और जैव विविधता प्रबंधन समितियों को अनुदान स्वीकृत कर सकेगा;

(ग) प्राधिकरण के अनुमोदन को सम्मिलित करते हुए पक्षों के बीच निष्पादित किए जाने वाले विभिन्न समझौतों की पारस्परिक रूप से सहमत शर्तों के प्रारूप और विषय-वस्तु पर विनिश्चय कर सकेगा;

(घ) अधिनियम के उपबंधों को लागू करने के लिए राज्य जैव विविधता बोर्डों या संघ राज्यक्षेत्र जैव विविधता परिषदों को तकनीकी और विधिक सलाह, स्पष्टीकरण और मार्गदर्शन प्रदान कर सकेगा;

(ङ) राज्य जैव विविधता बोर्डों और संघ राज्य क्षेत्र जैव विविधता परिषदों के क्रियाकलापों का समन्वय करेगा;

(च) जन जैव विविधता रजिस्टर के इलेक्ट्रॉनिक और/या मैनुअल प्रारूपों को निर्दिष्ट करेगा तथा जैव विविधता से संबंधित सूचना के दस्तावेजीकरण, इसके आवधिक अद्यतनीकरण, इसे इलेक्ट्रॉनिक या सार्वजनिक रूप से सुरक्षित रूप से बनाए रखते हुए और डिजिटल फॉर्म भरने और ऐसी जानकारी साझा करने के लिए प्रक्रिया निर्धारित करेगा;

(छ) किसी दिए गए भौगोलिक क्षेत्र में जन जैव विविधता रजिस्टर के माध्यम से जैविक संसाधनों और उनसे संबंधित पारंपरिक ज्ञान के लिए डेटाबेस और प्रलेखन प्रणाली विकसित करेगा;

(ज) जैव विविधता रजिस्टरों की तैयारी, वैधीकरण और रखरखाव के लिए, यदि अपेक्षित हो तो, राज्य जैव विविधता बोर्ड या संघ राज्य क्षेत्र जैव विविधता परिषद के माध्यम से या सीधे जैव विविधता प्रबंधन समितियों को मार्गदर्शन और तकनीकी सहायता प्रदान करेगा;

(झ) प्राधिकरण के कृत्यों और अधिनियम के कार्यान्वयन के बारे में केंद्रीय सरकार को रिपोर्ट दे सकेगा;

(ञ) अधिनियम के कार्यान्वयन के संबंध में किसी क्षेत्र का निरीक्षण कर सकेगा तथा दस्तावेजों की जांच करेगा;

(ट) जैव विविधता से संबंधित तकनीकी और सांख्यिकीय डेटा, मैनुअल, कोड या मार्गदर्शिकाओं को एकत्रित, संकलित और प्रकाशित करेगा, जिसमें संरक्षण, इसके घटकों का सतत उपयोग, तथा जैविक संसाधनों और उससे संबंधित ज्ञान के उपयोग से उत्पन्न लाभों को उचित और न्यायसंगत रूप में साझा करेगा;

(ठ) अधिनियम के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए अध्ययन, अनुसंधान, जांच, परियोजनाएं, कार्यशालाएं, सेमिनार, सम्मेलन आदि प्रायोजित कर सकेगा;

(ङ) अधिनियम के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए संबंधित विभागों और शैक्षणिक, वैज्ञानिक और अनुसंधान संस्थानों सहित सभी हितधारकों के लिए जागरूकता पैदा करेगा और प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित करेगा;

(ढ) वार्षिक बजट तैयार करेगा, उचित लेखे और अन्य सुसंगत अभिलेख रखेगा तथा ऐसे प्ररूप में वार्षिक लेखा विवरण तैयार करेगा, जैसा कि केन्द्रीय सरकार द्वारा विहित किया जाए;

(ण) प्राधिकरण के पदाधिकारियों की भर्ती और सेवा की शर्तों को नियंत्रित करने वाले विनियम बना सकेगा;

(त) प्राधिकरण को उसके कार्यों के प्रभावी निर्वहन में सहायता प्रदान करने के लिए, तीन वर्ष से अधिक की विशिष्ट अवधि के लिए परामर्शदाताओं और सलाहकारों को नियुक्त कर सकेगा:

परंतु, यदि तीन वर्ष की अवधि से अधिक के लिए किसी परामर्शदाता या सलाहकार को नियुक्त करना आवश्यक और समीचीन हो तो प्राधिकरण केन्द्रीय सरकार का पूर्व अनुमोदन प्राप्त करेगा।

(थ) प्राधिकरण द्वारा कार्यों के प्रभावी निर्वहन के लिए पदों के सृजन, भर्ती नियमों के आवधिक संशोधन, वेतन और भत्ते तथा सेवा की शर्तों के संबंध में केन्द्रीय सरकार को सिफारिश कर सकेगा;

(द) आनुवंशिक संसाधनों तक पहुंच और जैव विविधता पर कन्वेंशन के लिए उनके उपयोग से उत्पन्न लाभों के निष्पक्ष और न्यायसंगत बंटवारे पर नागोया प्रोटोकॉल के प्रयोजनों के लिए एक सक्षम राष्ट्रीय प्राधिकरण के रूप में कार्य करेगा;

(ध) केन्द्रीय सरकार द्वारा निर्दिष्ट राज्य जैव विविधता बोर्डों और संघ राज्य क्षेत्र जैव विविधता परिषदों के विवादों का न्यायनिर्णयन कर सकेगा;

(न) राज्य जैव विविधता बोर्डों या संघ राज्य क्षेत्र जैव विविधता परिषदों द्वारा जैव विविधता प्रबंधन समितियों के विवादों के निपटारे के लिए आदर्श दिशा-निर्देश निर्धारित करेगा;

(प) राज्य जैव विविधता बोर्डों, संघ राज्य क्षेत्र जैव विविधता परिषदों, राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड, या किसी अन्य प्राधिकरण के परामर्श से, जैसा उचित समझा जाए, अधिनियम की धारा 7 की उपधारा (1) के अधीन खेती किए जाने वाले औषधीय पौधों की उत्पत्ति का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर छूट प्राप्त करने के लिए प्रक्रियाएं विकसित कर सकेगा।

(फ) जैव विविधता विरासत स्थलों के रूप में अधिसूचित जैव विविधता महत्व के क्षेत्रों के संरक्षण और प्रबंधन के लिए राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन द्वारा नियम तैयार करने हेतु दिशा-निर्देश सुझाएगा;

(ब) जैव विविधता प्रबंधन समितियों द्वारा अपने अधिकार क्षेत्र से जैविक संसाधनों तक पहुंच के लिए शुल्क संग्रह हेतु मॉडल दिशा-निर्देश तैयार करेगा;

(भ) जब कभी आवश्यक हो, जैव विविधता प्रबंधन समितियों को जैविक संसाधनों और उनसे संबद्ध पारंपरिक ज्ञान तक पहुंच के लिए स्थानीय समुदायों द्वारा पूर्व सूचित सहमति प्रदान करने में सुविधा प्रदान करेगा;

(म) अधिनियम के अधीन अपने विभिन्न कार्यों के निर्वहन के लिए पारदर्शी और जवाबदेह रीति से एक ऑनलाइन सूचना प्रौद्योगिकी पोर्टल विकसित कर सकेगा।

12. अध्यक्ष की शक्तियां और कर्तव्य.- (1) अध्यक्ष का प्राधिकरण के दिन-प्रतिदिन के क्रियाकलापों पर समग्र नियंत्रण होगा।

(2) अध्यक्ष को प्राधिकरण के पदाधिकारियों पर साधारण अधीक्षण तथा प्राधिकरण के कार्यों के संचालन और प्रबंधन के लिए आवश्यक निदेश जारी करने की शक्तियां होंगी।

(3) अध्यक्ष, सीधे तौर पर या सदस्य-सचिव या इस प्रयोजन के लिए प्राधिकृत प्राधिकरण के किसी अन्य अधिकारी के माध्यम से, अनुमोदित बजट के समक्ष सभी भुगतान स्वीकृत और संवितरित कर सकेगा।

(4) अध्यक्ष को सभी प्रस्तावों पर प्रशासनिक, वित्तीय और तकनीकी स्वीकृतियां प्रदान करने की शक्तियां होंगी।

(5) प्राधिकरण अधिनियम पर धारा 16 के अधीन अपनी कोई भी शक्ति सदस्य-सचिव को या प्राधिकरण के किसी अधिकारी को, जो भारत सरकार में अनुभाग अधिकारी से कम रैंक का न हो, प्रत्यायोजित कर सकेगा।

(6) अध्यक्ष प्राधिकरण द्वारा लिए गए सभी विनिश्चयों को उचित रीति से क्रियान्वित करने के लिए सभी आवश्यक उपाय करेगा।

(7) महामारी और वैश्विक महामारी जैसी किसी वर्तमान और आसन्न आपातकालीन स्थिति के मामले में, विशेष रूप से वे जो मानव, पशु या पौधों को खतरा या क्षति पहुंचाते हैं, जैसा कि राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित किया गया है, अध्यक्ष शीघ्र अनुमोदन देने के लिए प्राधिकरण की शक्तियों का प्रयोग कर सकेगा और प्राधिकरण की अगली बैठक के समक्ष स्वीकृति के लिए ऐसे सभी अनुमोदन प्रस्तुत करेगा।

(8) अध्यक्ष ऐसी अन्य शक्तियों का प्रयोग तथा ऐसे अन्य कार्यों को निष्पादित करेगा जो उसे प्राधिकरण या केन्द्रीय सरकार द्वारा समय-समय पर प्रत्यायोजित किए जाएं।

13. जैविक संसाधनों और उनसे सहबद्ध ज्ञान तक पहुंच के लिए प्रक्रिया.- (1) अधिनियम की धारा 3 की उपधारा (2) में निर्दिष्ट कोई व्यक्ति, अनुसंधान या जैव सर्वेक्षण और जैव उपयोग के लिए जैविक संसाधनों और उनसे सहबद्ध ज्ञान तक पहुंच के लिए प्राधिकरण का अनुमोदन चाहता है तो वह प्राधिकरण के वेब पोर्टल पर प्ररूप 1 में आवेदन करेगा और वाणिज्यिक उपयोग के लिए वह प्राधिकरण के वेब पोर्टल पर प्ररूप 2 में आवेदन करेगा।

(2) अधिनियम की धारा 3 की उपधारा (2) में निर्दिष्ट कोई व्यक्ति, जो जैव विविधता (संशोधन) अधिनियम, 2023 के लागू होने से पूर्व किसी जैविक संसाधन पर स्वामित्व रखता था, अनुसंधान, वाणिज्यिक उपयोग, जैव सर्वेक्षण और जैव उपयोग के प्रयोजन के लिए प्राधिकरण का अनुमोदन प्राप्त करेगा।

(3) उपनियम (1) के अधीन प्रत्येक आवेदन राष्ट्रीय जैव विविधता निधि को इलेक्ट्रॉनिक अंतरण या डिजिटल भुगतान के रूप में विनिर्दिष्ट भुगतान सहित होना चाहिए।

(4) प्राधिकरण जैव विविधता प्रबंधन समिति के परामर्श के पश्चात्,-या तो सीधे या राज्य जैव विविधता बोर्ड या संघ राज्य क्षेत्र जैव विविधता परिषद के माध्यम से, और आवेदक व अन्य स्रोतों से ऐसी अतिरिक्त जानकारी एकत्र करने के बाद, जैसा अपेक्षित हो, और योग्य आवेदन के आधार पर, लाभ साझा करने सहित शर्तों और नियमों के अधीन अनुमोदन प्रदान कर सकता है, या पूर्ण रूप में आवेदन प्राप्त होने से नब्बे दिनों की अवधि के भीतर, जैसा उचित समझे, अस्वीकार कर सकता है:

परंतु यदि प्राधिकरण द्वारा मांगी गई अपेक्षित सूचना आवेदक द्वारा सूचना मांगने की तारीख से तीस दिन की अवधि के भीतर उपलब्ध नहीं कराई जाती है, तो आवेदन निरस्त कर दिया जाएगा और आवेदक को आवेदन निरस्त किए जाने के बारे में सूचित किया जाएगा:

परंतु यह और कि जैव विविधता प्रबंधन समिति, प्राधिकरण को अपने विचार संप्रेषित करने से पहले, जहां कहीं अपेक्षित हो, यथास्थिति उस संबंधित समुदाय, व्यक्ति या निकाय, से परामर्श कर सकेगी, जो जैव संसाधन पर स्वामित्व रखता है, ताकि उनकी पूर्व सूचित सहमति सुनिश्चित की जा सके:

परंतु यह भी कि वर्तमान या आसन्न आपातकालीन स्थिति के मामले में, प्राधिकरण आवेदन पर शीघ्रता से कार्रवाई करेगा।

(5) ऐसे जैविक संसाधनों तक पहुंच का अनुमोदन प्राधिकरण के प्राधिकृत अधिकारी और आवेदक द्वारा विधिवत् हस्ताक्षरित पारस्परिक रूप से सहमत शर्तों पर समझौते के रूप में होगा:

परंतु, यदि आवेदक को सूचना दिए जाने पर, प्राधिकरण द्वारा प्रारूप करार की संसूचना की तारीख से साठ दिन की अवधि के भीतर, आवेदक करार पर हस्ताक्षर नहीं करता है, तो आवेदन निरस्त माना समझा जाएग:

परंतु यह भी ऐसे निरस्त आवेदन पर नब्बे दिन की अवधि के भीतर उप-नियम (3) के अधीन नए आवेदन के लिए निर्दिष्ट शुल्क के आधे का भुगतान प्राप्त होने पर पुन:विचार किया जा सकता है।

(6) प्राधिकरण यदि यह समझता है कि अनुरोध स्वीकार नहीं किया जा सकता है तो वह लिखित रूप में दर्ज किए जाने वाले कारणों से किसी आवेदन को अस्वीकार कर सकता है:

परंतु आवेदन तब तक अस्वीकार नहीं किया जाएगा जब तक आवेदक को सुनवाई का उचित अवसर न दे दिया गया हो।

(7) प्राधिकरण अपनी वेबसाइट पर सभी स्वीकृत या अस्वीकृत अनुमोदनों की सूचना देगा तथा यह भी सुनिश्चित करेगा कि ऐसी सूचना, जैसा कि अपेक्षित हो अन्य एजेंसियों के साथ साझा की जाए।

(8) प्राधिकरण द्वारा समझौते के निबंधनों और शर्तों के अनुपालन की निगरानी राज्य जैव विविधता बोर्ड या संघ राज्य क्षेत्र जैव विविधता परिषद, जैव विविधता प्रबंधन समिति या प्राधिकरण द्वारा समुचित समझी जाने वाली किसी अन्य अभिकरण को सम्मिलित करके की जाएगी।

14. जैविक संसाधनों और ऐसे जैविक संसाधनों से संबद्ध ज्ञान तक पहुंच को प्रतिबंधित करना.- (1) प्राधिकरण इस नियम के किसी भी उपबंध के संबंध में उचित समझी जाने वाली जांच करने के बाद निम्नलिखित कारणों से जैविक संसाधनों और/या ऐसे जैविक संसाधनों से संबद्ध ज्ञान तक पहुंच को प्रतिबंधित या निषिद्ध करने के लिए कदम उठाएगा, अर्थात: -

(क) इस पहुँच का अनुरोध अधिनियम की धारा 38 के अधीन अधिसूचित प्रजातियों सहित किसी भी संकटग्रस्त और/या स्थानिक प्रजातियों के लिए है;

(ख) ऐसी पहुंच के अनुरोध के परिणामस्वरूप स्थानीय समुदायों की आजीविका और/या सामाजिक-सांस्कृतिक पहलुओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है;

(ग) ऐसी पहुंच के अनुरोध के परिणामस्वरूप पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है जिसे नियंत्रित करना और कम करना कठिन हो सकता है;

(घ) ऐसी पहुंच के लिए अनुरोध से आनुवंशिक क्षरण हो सकता है या अधिनियम की धारा 37 के अधीन अधिसूचित क्षेत्रों सहित पारिस्थितिकी तंत्र के कार्यों पर असर पड़ सकता है;

(ङ) ऐसा अनुरोध राष्ट्रीय हित और भारत द्वारा किए गए अन्य संबंधित अंतर्राष्ट्रीय समझौतों के विपरीत प्रयोजनों के लिए संसाधनों के उपयोग हेतु किया गया है;

(च) अन्य कोई कारण जिसे लिखित रूप में दर्ज किया जाएगा।

(2) उप-नियम (1) के होते हुए भी, प्राधिकरण प्रत्येक मामले के गुण-दोष के आधार तक, एक अवधि-विशेष के लिए उस उप-नियम के खंड (क) से (ङ) के अधीन उल्लिखित कृषिकृत प्रजातियों के लिए अनुमति दे सकता है।

15. अधिनियम की धारा 3 की उपधारा (2) के अधीन आने वाले व्यक्तियों के साथ अनुसंधान के परिणामों को अंतरित करने या स्थानांतरित करने हेतु अनुमोदन प्राप्त करने की प्रक्रिया.- (1) कोई व्यक्ति जो अधिनियम की धारा 3 की उपधारा (2) के अधीन आने वाले व्यक्तियों के साथ जैविक संसाधनों या उससे संबद्ध पारंपरिक ज्ञान से संबंधित अनुसंधान के किसी परिणाम को साझा करने या अंतरित करने का इरादा रखता है, वह प्राधिकरण के वेब पोर्टल पर निम्नलिखित प्रपत्रों में आवेदन कर सकता है, यथा: -

(क) प्ररूप 3 अधिनियम की धारा 3 की उपधारा (2) के अधीन आने वाले व्यक्तियों के साथ वाणिज्यिक प्रयोजनों या अन्यथा अनुसंधान के परिणामों को साझा करने या अंतरित करने के लिए किसी व्यक्ति द्वारा प्राधिकरण का पूर्व अनुमोदन प्राप्त करने के लिए।

(ख) प्ररूप 4 हस्तांतरिती (अधिनियम की धारा 3 की उपधारा (2) के अधीन आने वाले व्यक्ति) द्वारा अनुसंधान के परिणामों को आगे अनुसंधान के लिए उपयोग करने के लिए रजिस्ट्रीकरण हेतु;

(ग) प्ररूप 5 हस्तांतरिती (अधिनियम की धारा 3 की उपधारा (2) के अधीन आने वाले व्यक्ति) द्वारा वाणिज्यिक उपयोग हेतु अनुसंधान के परिणामों का उपयोग करने हेतु प्राधिकरण का पूर्व अनुमोदन प्राप्त करने के लिए;

(घ) प्ररूप 6 हस्तांतरिती (अधिनियम की धारा 3 की उपधारा (2) के अधीन आने वाले व्यक्ति) द्वारा बौद्धिक संपदा अधिकार प्राप्त करने के लिए अनुसंधान के परिणामों का उपयोग करने हेतु प्राधिकरण की पूर्व स्वीकृति प्राप्त करने के लिए।

(2) उपनियम (1) के अधीन प्रत्येक आवेदन के साथ राष्ट्रीय जैव विविधता निधि में इलेक्ट्रॉनिक अंतरण या डिजिटल भुगतान प्ररूप में भुगतान किया गया शुल्क संलग्न करना होगा।

(3) प्राधिकरण, आवेदक और अन्य स्रोतों से, अपेक्षानुसार, अतिरिक्त सूचना एकत्रित करने के पश्चात्, तथा आवेदन के गुण-दोष के आधार पर, उप-नियम (1) के अधीन आवेदन की प्राप्ति के नब्बे दिन की अवधि के भीतर, लाभ में हिस्सेदारी सहित, ऐसे नियमों और शर्तों के अधीन जैसा उचित समझे, अनुमोदन प्रदान कर सकता है, या अस्वीकार कर सकता है :

परंतु यदि प्राधिकरण द्वारा मांगी गई अपेक्षित सूचना आवेदक के द्वारा सूचना मांगे जाने की तारीख से तीस दिन की अवधि के भीतर उपलब्ध नहीं कराई जाती है, तो आवेदन निरस्त कर दिया जाना चाहिए और आवेदक को बंद होने के बारे में सूचित किया जाएगा।

परंतु आवेदन तब तक अस्वीकार नहीं किया जाएगा जब तक आवेदक को सुनवाई का उचित अवसर न दे दिया गया हो।

(4) इस नियम के अधीन निर्दिष्ट अनुमोदन प्राधिकरण के प्राधिकृत अधिकारी और आवेदक द्वारा विधिवत् हस्ताक्षरित, पारस्परिक रूप से सहमत शर्तों पर समझौते के रूप में प्रदान किए जाएंगे :

यदि प्राधिकरण द्वारा प्रारूप करार की संसूचना की तारीख से साठ दिन की अवधि के भीतर, आवेदक को सूचना दिए जाने पर, करार पर हस्ताक्षर नहीं करता है, तो आवेदन निरस्त समझा जाएगा :

परंतु ऐसे बंद आवेदन को नब्बे दिन की अवधि के भीतर उप-नियम (2) के अधीन नए आवेदन के लिए निर्दिष्ट शुल्क के आधे का भुगतान प्राप्त होने पर पुनर्जीवित किया जा सकता है ।

(5) यदि प्राधिकरण की यह राय है कि उपनियम (1) के खंड (ख) के अधीन किए गए रजिस्ट्रीकरण में निर्दिष्ट क्रियाकलापों अधिनियम के उद्देश्यों के लिए हानिकारक या प्रतिकूल हैं, तो वह आदेश द्वारा ऐसी किसी क्रियाकलापों को प्रतिषिद्ध या सीमित कर सकेगा।

(6) खंड (ख) उपनियम (1) के अधीन प्राधिकरण के पास रजिस्ट्री आवेदक प्राधिकरण द्वारा अपेक्षित आवधिक स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा।

16. बौद्धिक संपदा अधिकारों के अनुदान से पूर्व प्राधिकरण से रजिस्ट्रीकरण और पूर्व अनुमोदन प्राप्त करने की प्रक्रिया.- (1) अधिनियम की धारा 3 की उपधारा (2) में निर्दिष्ट किसी व्यक्ति द्वारा बौद्धिक संपदा अधिकारों के अनुदान से पूर्व-अनुमोदन प्राप्त करने की प्रक्रिया निम्नानुसार होगी, यथा:-

(क) इस अधिनियम की धारा 3 की उपधारा (2) में निर्दिष्ट कोई व्यक्ति, भारत से प्राप्त जैविक संसाधन पर डिजिटल अनुक्रम सूचना सहित अनुसंधान या सूचना पर आधारित किसी आविष्कार, जिसमें भारत के बाहर के भंडारों में जमा जैविक संसाधन या उससे संबद्ध पारंपरिक ज्ञान भी सम्मिलित है, के लिए भारत में या बाहर किसी बौद्धिक संपदा अधिकार के लिए प्राधिकरण के वेब पोर्टल पर प्ररूप 7 में आवेदन करते हुए, भारत में या बाहर किसी बौद्धिक संपदा अधिकार के लिए आवेदन करते समय भारत में या अन्यत्र सक्षम प्राधिकारी द्वारा बौद्धिक संपदा अधिकार प्रदान करने से पूर्व प्राधिकरण का पूर्व अनुमोदन प्राप्त करेगा;

(ख) खंड (क) के अधीन प्रत्येक आवेदन के साथ राष्ट्रीय जैव विविधता कोष को इलैक्ट्रानिक अंतरण या डिजिटल भुगतान के रूप में संदत्त विनिर्दिष्ट शुल्क संलग्न किया जाएगा;

(ग) प्राधिकरण, आवेदक और अन्य स्रोतों से ऐसी अतिरिक्त जानकारी एकत्रित करने के पश्चात, जैसा उचित समझा जाए, और आवेदन के गुण-दोष से संतुष्ट होने पर, आवेदन प्राप्ति की तारीख से एक सौ अस्सी दिन की अवधि के भीतर या अपेक्षित जानकारी प्राप्त होने पर, जो भी बाद में हो, अनुमोदन देने या अन्यथा के संबंध विनिश्चय करेगा, जो लाभ में हिस्सेदारी सहित ऐसे नियमों और शर्तों के अधीन होगा, जैसा वह उचित समझे:

परंतु यदि प्राधिकरण द्वारा मांगी गई अपेक्षित सूचना आवेदक द्वारा सूचना मांगने की तारीख से नब्बे दिन की अवधि के भीतर उपलब्ध नहीं कराई जाती है तो आवेदन निरस्त कर दिया जाएगा और आवेदक को ऐसे निरस्त होने के बारे में सूचित किया जाएगा।

(घ) अनुमोदन प्राधिकरण के प्राधिकृत अधिकारी और आवेदक द्वारा सम्यक रूप से हस्ताक्षरित पारस्परिक रूप से सहमत शर्तों पर समझौते के रूप में प्रदान किया जाएगा:

परंतु प्राधिकरण द्वारा प्रारूप करार की संसूचना की तारीख से नब्बे दिन की अवधि के भीतर, आवेदक को सूचना दिए जाने पर, करार पर हस्ताक्षर नहीं करता है, तो आवेदन निरस्त समझा जाएगा :

परंतु ऐसे बंद आवेदन को उपनियम 1 के खंड (ख) के अधीन नया आवेदन प्रस्तुत करने के लिए विहित शुल्क की आधी राशि का नब्बे दिन की अवधि के भीतर भुगतान प्राप्त होने पर पुनर्जीवित किया जा सकेगा;

(ङ) आवेदक बौद्धिक संपदा अधिकारों के अनुदान की तारीख से पैंतालीस दिनों के भीतर प्राधिकरण को सूचित करेगा, ऐसा न होने पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा उचित समझी जाने वाली कार्रवाई की जाएगी;

(च) प्राधिकरण, कारणों को लिखित रूप में दर्ज किए जाने के बाद किसी आवेदन को अस्वीकार कर सकता है यदि वह समझता है कि अनुरोध स्वीकार नहीं किया जा सकता है:

परंतु आवेदन तब तक अस्वीकार नहीं किया जाएगा जब तक आवेदक को सुनवाई का उचित अवसर न दे दिया गया हो।

(2) निर्दिष्ट किसी व्यक्ति द्वारा बौद्धिक संपदा अधिकार प्राप्त करने से पूर्व पंजीकरण की प्रक्रिया निम्नानुसार होगी, यथा:-

(क) अधिनियम की धारा 7 के अधीन निर्दिष्ट कोई भी व्यक्ति , जो भारत में या भारत के बाहर किसी बौद्धिक संपदा अधिकार के लिए आवेदन करता है, भारत से प्राप्त जैविक संसाधन पर डिजिटल अनुक्रम सूचना सहित अनुसंधान या सूचना पर आधारित किसी आविष्कार के लिए, जिसमें भारत के बाहर के भंडारों में जमा की गई जानकारी या उससे संबद्ध पारंपरिक ज्ञान भी शामिल है, भारत या विदेश में सक्षम प्राधिकारी द्वारा ऐसे बौद्धिक संपदा अधिकार प्रदान किए जाने से पहले, प्राधिकरण के वेब पोर्टल पर प्ररूप 8 में रजिस्ट्रीकरण कराएगा ;

(ख) प्राधिकरण के पास रजिस्ट्रीकरण के लिए खंड (क) के अधीन प्रत्येक आवेदन के साथ राष्ट्रीय जैव विविधता निधि में इलेक्ट्रॉनिक अंतरण या डिजिटल भुगतान के रूप में विनिर्दिष्ट शुल्क संलग्न किया जाएगा;

(ग) यदि प्राधिकरण की यह राय है कि ऐसा आविष्कार किसी समुदाय या व्यक्ति या व्यक्तियों के समूह द्वारा रखे गए ज्ञान तक अवैध तरीके से पहुंच का परिणाम है, तो प्राधिकरण न्यायनिर्णायक अधिकारी को क्षति के संबंध में उच्चतर जुर्माना लगाने की सिफारिश कर सकता है और साथ ही, जैसा भी मामला हो, मूल्यांकित या वसूल किए गए मूल्य के संबंध में भी;

(घ) आवेदक बौद्धिक संपदा अधिकार प्रदान किये जाने के पैंतालीस दिन के भीतर प्राधिकरण को सूचित करेगा;

(ङ) आवेदक रजिस्ट्रीकरण के समय यह वचन देगा कि बौद्धिक संपदा अधिकारों के व्यावसायीकरण से पूर्व प्राधिकरण का पूर्व अनुमोदन लिया जाएगा ।

(3) अिधिनियम की धारा 7 के अधीन निर्दिष्ट किसी व्यक्ति द्वारा बौद्धिक संपदा अधिकारों के व्यावसायीकरण के लिए प्राधिकरण का पूर्व अनुमोदन प्राप्त करने की प्रक्रिया निम्नानुसार होगी:

(क) उपनियम (2) के खंड (ड.) के अधीन निर्दिष्ट बौद्धिक संपदा अधिकारों के व्यावसायीकरण के समय, आवेदक को प्राधिकरण के वेब पोर्टल पर प्ररूप 9 में आवेदन करके पूर्व अनुमोदन प्राप्त करना होगा।

(ख) खंड (क) के अधीन प्रत्येक आवेदन के साथ राष्ट्रीय जैव विविधता कोष को इलैक्ट्रानिक अंतरण या डिजिटल भुगतान के रूप में संदत्त विनिर्दिष्ट शुल्क संलग्न किया जाएगा;

(ग) प्राधिकरण आवेदक से या अन्य स्रोतों से ऐसी अतिरिक्त जानकारी जिसे वह उचित समझे प्राप्त करने के बाद और आवेदन के गुण के से संतुष्ट होने पर, आवेदन की प्राप्त की तारीख या आवश्यक जानकारी के प्राप्त होने पर, इनमें से जो भी बाद में हो, एक सौ अस्सी दिनों की अवधि के भीतर ऐसी शर्तों और दशाओं, जिसमें लाभ की साझेदारी भी शामिल है, के अधीन रहते हुए अनुमोदन दे सकता है अथवा जैसा वह उचित समझे, इसे रोक भी सकता है।

(घ) अनुमोदन प्राधिकरण के प्राधिकृत अधिकारी और आवेदक द्वारा विधिवत् हस्ताक्षरित पारस्परिक रूप से सहमत शर्तों पर समझौते के रूप में प्रदान किया जाएगा:

प्राधिकरण द्वारा आवेदक को प्रारूप करार की संसूचना की तारीख से नब्बे दिन की अवधि के भीतर करार पर हस्ताक्षर नहीं करता है तो आवेदन रद्द समझा जाएगा:

बशर्ते कि ऐसे बंद आवेदन को नब्बे दिन की अवधि के भीतर खंड 3(ख) के अधीन नए आवेदन के लिए निर्दिष्ट शुल्क के आधे का भुगतान प्राप्त होने पर पुनर्जीवित किया जा सकेगा।

17. पहुंच या अनुमोदन का प्रतिसंहरण .- (1) प्राधिकरण किसी शिकायत के आधार पर या स्वतः नियम 13, 15, नियम 16 के उपनियम (1) और (3) तथा नियम 20 के अधीन दिए गए अनुमोदन को आवेदक को सुनवाई का उचित अवसर देने के पश्चात् निम्नलिखित शर्तों के अधीन रहते हुए किसी करार या उसके किसी भाग को रद्द कर सकता है, यथा:-

(i) इस उचित विश्वास के आधार पर कि जिस व्यक्ति को अनुमोदन प्रदान किया गया है, उसने झूठी या भ्रामक सूचना दी है या अधिनियम के किसी प्रावधान या जिन शर्तों पर अनुमोदन प्रदान किया गया था, उनका उल्लंघन किया है;

(ii) जब अनुमोदन प्राप्त व्यक्ति समझौते की किसी भी शर्त का पालन करने में विफल रहा हो;

(iii) व्यापक लोकहित में या पर्यावरण संरक्षण और जैव विविधता के संरक्षण के लिए, या प्राधिकरण के ध्यान में लाए गए नए तथ्यों या सूचना के आधार पर ।

(2) प्राधिकरण प्रत्येक प्रतिसहरण -आदेश की एक प्रति राज्य जैव विविधता बोर्ड तथा संघ राज्यक्षेत्र जैव विविधता परिषद् और जैव विविधता प्रबंधन समिति को भेजेगा। जिससे संबंधित व्यक्ति की पहुंच पर रोक लगाने तथा यदि कोई क्षति हुई हो तो उसका आकलन करने तथा क्षतिपूर्ति की वसूली के लिए कदम उठाने के लिए कहा गया है।

18. किसी विदेशी देश से प्राप्त जैविक संसाधन या उससे संबद्ध पारंपरिक ज्ञान के भारत में उपयोग की निगरानी और विनियमन के उपाय .- (1) कोई व्यक्ति जो किसी बाहरी देश से प्राप्त जैविक संसाधन या उससे संबद्ध पारंपरिक ज्ञान का भारत में अनुसंधान या वाणिज्यिक प्रयोजन के लिए या बौद्धिक संपदा अधिकार प्राप्त करने के लिए उपयोग करने का इरादा रखता है, वह अधिनियम की धारा 36(क) के उपबंधों के अनुसार प्राधिकरण के वेब पोर्टल पर प्ररूप 10 में घोषणा प्रस्तुत करेगा।

(2) प्राधिकरण, अधिनियम की धारा 36(क) के उपबंधों के अनुसार, ऐसे जैविक संसाधन या उससे संबद्ध पारंपरिक ज्ञान के उपयोगकर्ता से सुसंगत जानकारी प्राप्त करने के पश्चात्, उसे जैविक विविधता संबंधी अभिसमय के पहुंच और लाभ-साझाकरण क्लियरिंग हाउस पर अधिसूचित करेगा।

(3) प्रदाता देश के अनुरोध के आधार पर प्राधिकरण अधिनियम की धारा 36(क) के उपबंधों के अनुसार ऐसे उपयोग पर उचित उपाय करेगा।

19. संवर्धित औषधीय पौधों के लिए उत्पत्ति-प्रमाण पत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया .- (1) इस अधिनियम की धारा 7 के अंतर्गत निर्दिष्ट कोई व्यक्ति, जो धारा 7 की उपधारा (2) के अंतर्गत संवर्धित औषधीय पौधों तक पहुंच के लिए छूट का दावा करना चाहता है, वह संबंधित जैव विविधता प्रबंधन समिति से प्रारूप 11 में उत्पत्ति-प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए भौतिक या डिजिटल रूप में स्व-घोषणा प्रस्तुत करेगा।

(2) उप-नियम (1) में निर्दिष्ट स्व-घोषणा में आवेदक और कृषक का नाम और पता, सर्वेक्षण संख्या सहित भौगोलिक स्थिति, खेती के अधीन क्षेत्र की सीमा के साथ-साथ खेती की जा रही प्रजातियों और उनके भागों का ब्यौरा तथा उपयोग किए जा रहे जैविक संसाधनों की अनुमानित मात्रा सहित ब्यौरा अंतर्विष्ट होगा।

(3) आवेदन के साथ इलेक्ट्रॉनिक फॉर्म में भुगतान किया गया निर्दिष्ट शुल्क संलग्न किया जाएगा।-स्थानीय जैवविविधता कोष में धनराशि अंतरण या डिजिटल भुगतान द्वारा जमा की जा सकती है।

(4) जैवविविधता प्रबंधन समिति, औषधीय पौधों की खेती और कटाई के बाद के ब्यौरे तथा प्रारूप 12 में रखी गई पुस्तकों में की गई प्रविष्टियों सहित आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के आधार पर, अधिनियम की धारा 7 की उपधारा (3) और उपनियम (1) के अधीन निर्दिष्ट खेती किए गए औषधीय पौधों का उद्गम प्रमाण-पत्र पंद्रह दिन की अवधि के भीतर जारी करेगी:

परंतु यदि पंद्रह दिन की अवधि के भीतर उत्पत्ति-प्रमाणपत्र जारी नहीं किया जाता है , तो आवेदक संबंधित राज्य जैव विविधता बोर्ड से संपर्क कर सकता है और उसका निपटान सात दिन की अवधि के भीतर किया जा सकेगा:

परंतु यह और कि आवेदक, जैव विविधता प्रबंधन समिति या संबंधित राज्य जैव विविधता बोर्ड के बीच किसी विवाद की स्थिति में , उसे संबंधित राज्य जैव विविधता बोर्ड द्वारा प्राधिकरण को संदर्भित किया जाएगा और ऐसे मामले में प्राधिकरण का विनिश्चय अंतिम होगा।

(5) अधिनियम की धारा 7 की उपधारा (2) के अंतर्गत छूट का दावा करने के लिए औषधीय पौधों की उत्पत्ति के स्रोत को साबित करने का दायित्व अंतिम उपयोगकर्ता पर होगा।

20. भारतीय अनुसंधानकर्ता या संस्था द्वारा भारत के बाहर गैर-वाणिज्यिक अनुसंधान या आपातकालीन प्रयोजनों के लिए अनुसंधान करने की प्रक्रिया .- (1) कोई भी भारतीय अनुसंधानकर्ता या संस्था जो महामारी जैसी कतिपय वर्तमान या आसन्न आपात स्थितियों से निपटने के लिए अत्यावश्यक अध्ययन करने सहित गैर-वाणिज्यिक अनुसंधान करने के लिए जैविक संसाधन को भारत से बाहर ले जाने या भेजने का आशय रखता है, वह प्राधिकरण के वेब पोर्टल पर प्ररूप 13 में आवेदन करेगा:

परंतु कि यदि उससे संबद्ध पारंपरिक ज्ञान को भी जैविक संसाधनों के साथ स्थानांतरित या ले जाया जाना हो तो संबंधित विदेशी संस्था द्वारा नियम 13 के अधीन प्राधिकरण का अनुमोदन लिया जाएगा।

(2) उपनियम (1) के अधीन प्रत्येक आवेदन के साथ राष्ट्रीय जैव विविधता कोष को डिजिटल भुगतान के इलेक्ट्रॉनिक अंतरण के रूप में भुगतान किया गया विनिर्दिष्ट शुल्क संलग्न किया जाएगा ।

(3) प्राधिकरण उपनियम (1) के अधीन आवेदन से संतुष्ट होने पर आवेदन प्राप्ति की तारीख से पैंतालीस दिन की अवधि के भीतर अपना अनुमोदन प्रदान करेगा ।

(4) उप-नियम (3) के अधीन प्राधिकरण का अनुमोदन प्राप्त होने पर, आवेदक, भारत के बाहर जैविक संसाधन ले जाने या भेजने से पहले, जहां भी अपेक्षित हो, वाउचर नमूने निर्दिष्ट राष्ट्रीय निक्षेपगृहों में जमा करेगा और ऐसे जमा के प्रमाण की एक प्रति प्राधिकरण को पृष्ठांकित की जाएगी।

21. राष्ट्रीय जैव विविधता निधि का प्रबंधन और उपयोग .- (1) राष्ट्रीय जैव विविधता निधि का संचालन प्राधिकरण के अध्यक्ष या ऐसे अन्य अधिकारी द्वारा किया जाएगा, जिसे इस संबंध में प्राधिकृत किया जाए ।

(2) राष्ट्रीय जैव विविधता निधि के दो पृथक खाते होंगे, एक धारा 27 की उपधारा 1 के खंड (क) से संबंधित तथा दूसरा अधिनियम की उपधारा (1) के खंड (ख) और (ग) के अधीन, जिसका उपयोग प्राधिकरण द्वारा विनिश्चित किए गए अनुसार धारा 27 की उपधारा (2) में निर्दिष्ट क्रियाकलापों के लिए किया जाएगा ।

(3) उपार्जित मौद्रिक लाभ सहित सभी प्राप्तियां राष्ट्रीय जैव विविधता कोष में जमा की जाएंगी।

(4) प्राधिकरण, राज्य जैव विविधता बोर्ड या संघ राज्यक्षेत्र जैव विविधता परिषद के लिए निर्धारित किया जाने वाला लाभ बंटवारा, यथास्थिति, न्यूनतम दस प्रतिशत से अधिकतम पंद्रह प्रतिशत तक हो सकता है और शेष लाभ दावेदारों को या अन्य उपयोगों के लिए तब अंतरित किया जा सकता है, जब लाभ दावेदारों की पहचान नहीं की जाती है।

(5) प्राधिकरण निधि के उपयोग की निगरानी के लिए उपाय निर्दिष्ट कर सकता है ।

22. अधिनियम की धारा 50 के अधीन विवादों के निपटारे के लिए अपील .- (1) यदि प्राधिकरण और राज्य जैव विविधता बोर्ड या संघ राज्यक्षेत्र जैव विविधता परिषद या बोर्डों और परिषदों के बीच किसी आदेश या निर्देश के कार्यान्वयन या किसी नीतिगत निर्णय के संबंध में कोई विवाद उत्पन्न होता है, तो यथास्थिति व्यथित पक्षों में से कोई भी या प्राधिकरण या बोर्ड या परिषद, अधिनियम की धारा 50 के अधीन प्ररूप 14 में केंद्रीय सरकार को अपील कर सकेगा।

(2) राज्य जैव विविधता बोर्ड या संघ राज्यक्षेत्र जैव विविधता परिषद और किसी अन्य बोर्ड या परिषद के बीच अथवा बोर्डों या परिषदों के बीच किसी विवाद की स्थिति में, केंद्रीय सरकार उसे समाधान के लिए प्राधिकरण को निर्दिष्ट कर सकेगी।

(3) अपील ज्ञापन के साथ उस आदेश, निर्देश या नीतिगत विनिश्यच, जैसी भी स्थिति हो की एक प्रमाणित प्रति भी संलग्न करनी होगी जिसको लेकर आवेदनकर्ता को शिकायत है और इसे ऑनलाइन तथा उक्त आदेश, निर्देश या नीतिगत विनिश्यच की तारीख से 30 दिनों के भीतर जमा करना होगा।

परंतु यदि केन्द्र सरकार का यह समाधान हो जाता है कि अपील प्रस्तुत करने में विलम्ब के लिए अच्छा और पर्याप्त आधार था तो वह उसके लिए जो कारण हैं उन्हें लिपिबद्ध करके, तीस दिन की पूर्वोक्त अवधि की समाप्ति के पश्चात् अपील प्रस्तुत करने की अनुमति दे सकेगी।

(4) अपील की सुनवाई के लिए सूचना प्राधिकरण के वेब पोर्टल पर प्ररूप 15 में दी जाएगी।

(5) जहां कोई विवाद उपनियम (2) के अधीन प्राधिकरण को निर्दिष्ट किया जाता है, वहां प्राधिकरण प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों द्वारा मार्गदर्शित होगा और जहां तक साध्य होगा, उसी प्रक्रिया का अनुसरण करेगा जिसका अनुसरण करने की केन्द्रीय सरकार से इस नियम के अधीन अपेक्षा की जाती है।

(6) केंद्रीय सरकार या प्राधिकरण, अपीलकर्ता तथा अन्य पक्षकारों को सुनने के पश्चात् तथा अन्य सुसंगत तथ्यों, यदि कोई हों, पर विचार करने के पश्चात्, साठ दिन की अवधि के भीतर अपील का निपटारा करेगा।

(7) किसी अपील का निपटारा करते समय, केन्द्रीय सरकार या प्राधिकरण, यथास्थिति, आक्षेपित आदेश, निदेश या नीतिगत विनिश्चय को संशोधित या रद्द कर सकेगा।

23. न्यायनिर्णायक अधिकारी द्वारा जांच का तरीका .- (1) कोई भी न्यायनिर्णायक अधिकारी अधिनियम की धारा 55 में निर्दिष्ट उपबंधों के गैर-अनुपालन या उल्लंघन की शिकायत की जांच नहीं करेगा, जब तक कि शिकायत प्राधिकृत अधिकारी द्वारा या उसकी ओर से, सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ, या तो स्वप्रेरणा से या किसी अभ्यावेदन की प्राप्ति पर फाईल नहीं की जाती है।

(2) शिकायत का प्रतिनिधित्व एक प्रस्तुतकर्ता अधिकारी द्वारा किया जा सकेगा, जो एक विधिक व्यवसायी होगा और वह प्राधिकृत अधिकारियों की ओर से उनके संबंधित क्षेत्राधिकार के भीतर न्यायनिर्णायक अधिकारी के समक्ष उपस्थित होगा और मामला प्रस्तुत करेगा।

(3) प्रस्तुतकर्ता अधिकारी उपनियम (1) के अधीन मामले को न्यायनिर्णायक अधिकारी को अग्रेषित करने से पहले, उचित सम्यक् तत्परता बरतते हुए उस पर कार्यवाही करेगा, तथा सभी सुसंगत तथ्यों और परिस्थितियों को रिकार्ड पर लाएगा जिन्हें शास्ति अधिरोपित करने के लिए ध्यान में रखना आवश्यक है, तथा यह भी पता लगाएगा कि क्या यह न्यायनिर्णयन के लिए आवश्यक मामला है और प्राधिकृत अधिकारी मामले से संबंधित सभी सुसंगत दस्तावेज और तथ्य प्रस्तुतकर्ता अधिकारी को उपलब्ध कराएगा।

(4) न्यायनिर्णायक अधिकारी शिकायत प्राप्त होने के तीस दिन के भीतर उस व्यक्ति को नोटिस जारी करेगा जिसके विरुद्ध अधिनियम की धारा 55 क के अधीन धारा 3 या धारा 4 या धारा 6 या धारा 7 के उपबंधों का गैर-अनुपालन या उल्लंघन आरोपित किया गया है, तथा उसके विरुद्ध मामले का विवरण देते हुए गैर-अनुपालन या उल्लंघन की प्रकृति स्पष्ट रूप से निर्दिष्ट करेगा और ऐसा व्यक्ति या तो व्यक्तिगत रूप से या किसी प्राधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से, विनिर्दिष्ट तारीख को, जो उस पर तामील की तारीख से पन्द्रह दिन से कम नहीं होगी और तीस दिन से अधिक नहीं होगी, ऐसे प्रारूप में जैसा कि केन्द्रीय सरकार द्वारा विहित किया जा सकता है, उपस्थित हो सकता है।

(5) नोटिस में निर्दिष्ट तारीख को, व्यक्ति या उसका अधिकृत प्रतिनिधि न्यायनिर्णायक अधिकारी के समक्ष उसके विरुद्ध लगाए गए आरोपों को स्वीकार या अस्वीकार कर सकेगा ।

(6) यदि व्यक्ति या उसका प्रतिनिधि आरोपों को स्वीकार करता है, तो न्यायनिर्णायक अधिकारी अपने आदेश में ऐसी स्वीकृति का उल्लेख करेगा और दंड अधिरोपित करेगा तथा आदेश की एक प्रति संबंधित उपस्थित अधिकारी और उस व्यक्ति को भेजेगा जिसके विरुद्ध शिकायत दर्ज की गई है।

(7) उपनियम (6) के अधीन न आने वाले मामलों में, न्यायनिर्णायक अधिकारी जांच के लिए तारीख नियत करेगा तथा मामले को प्रस्तुत करने के लिए संबंधित उपस्थित अधिकारी को इसकी सूचना देगा।

(8) नियत तारीख पर, न्यायनिर्णायक प्राधिकारी उस व्यक्ति को ऐसे दस्तावेज या साक्ष्य प्रस्तुत करने का अवसर देगा जिन्हें वह जांच के लिए संगत समझता है।

(9) यदि कोई व्यक्ति पर्याप्त कारण के बिना जैसाकि उपनियम (8) द्वारा अपेक्षित है, न्यायनिर्णायक प्राधिकारी के समक्ष उपस्थित होने में विफल रहता है या मना करता है तो न्यायनिर्णायक प्राधिकारी ऐसे व्यक्ति की अनुपस्थिति में जांच संबंधी कार्रवाई कर सकता है।

(10) न्यायनिर्णायक प्राधिकारी, उक्त अधिनियम की धारा 55ख के अधीन प्राधिकारी या प्राधिकृत अधिकारी के निष्कर्षों का भी उल्लेख कर सकेगा या उनकी सेवाओं का उपयोग, जहां आवश्यक हो, कर सकेगा।

(11) ऐसी जांच करते समय, न्यायनिर्णायक प्राधिकारी को साक्ष्य या कोई दस्तावेज, जो न्यायनिर्णायक प्राधिकारी की राय में जांच की विषय-वस्तु के लिए उपयोगी या सुसंगत हो सकता है, प्रस्तुत करने के लिए मामले के तथ्यों और परिस्थितियों से परिचित किसी भी व्यक्ति को समन करने और हाजिर करने की शक्ति होगी।

(12) उप-नियम (11) के प्रयोजनों के लिए, न्यायनिर्णायक प्राधिकारी को सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 में विनिर्दिष्ट अनुसार सिविल न्यायालय की निम्नलिखित शक्तियां होंगी, अर्थात :-

(क) किसी भी व्यक्ति को समन और हाजिर करना और शपथ दिलाकर उसकी जांच करना;

(ख) दस्तावेजों या अन्य इलेक्ट्रॉनिक अभिलेखों की खोज और प्रस्तुत करने की मांग करना; और

(ग) शपथ-पत्रों के संबंध में साक्ष्य प्राप्त करना।

(13) संबंधित प्रस्तुतकर्ता अधिकारी द्वारा मामले की प्रस्तुति करने, उक्त व्यक्ति द्वारा दिए गए प्रतिवाद और ऐसी सूचना, यथा आवश्यक, का अभिलेखन किए जाने पर, न्यायनिर्णायक प्राधिकारी या तो अभिकथन को खारिज कर देगा या ऐसा आदेश, जो वह ठीक समझे, देगा।

(14) न्यायनिर्णायक प्राधिकारी के सभी आदेश, इस बात पर ध्यान दिए बिना कि ऐसे आदेश द्वारा शास्ति अधिरोपित की गई है या नहीं, आख्यापक आदेश होंगे।

(15) न्यायनिर्णायक प्राधिकारी प्रत्येक मामले का न्यायनिर्णयन उप-नियम (7) के अधीन निर्धारित तारीख से नब्बे दिन के भीतर पूरा करेगा, जिसे पर्याप्त कारण होने पर नब्बे दिन की अतिरिक्त अवधि तक बढ़ाया जा सकता है।

(16) यदि इस नियम के अधीन प्राप्त किसी शिकायत की विषय-वस्तु, उक्त मामले की प्राप्ति की तारीख को राष्ट्रीय हरित अधिकरण या सक्षम क्षेत्राधिकार के किसी अन्य न्यायालय के समक्ष पहले से ही विचाराधीन है, तो इस नियम के अधीन कार्यवाहियां तब तक शुरू नहीं की जाएंगी जब तक कि ऐसे बाद वाले मामले का अंतिम रूप से निपटान नहीं हो जाता है और न्यायनिर्णायक प्राधिकारी इस उप-नियम के अधीन कार्यवाहियों के स्थगन का आदेश नहीं दे देता।

(17) यदि न्यायनिर्णायक प्राधिकारी इस बात से संतुष्ट हो जाता है कि संबंधित व्यक्ति उक्त अधिनियम की धारा 3 या धारा 4 या धारा 6 या धारा 7 के उपबंधों का अनुपालन करने में विफल रहा है तो वह उक्त अधिनियम की धारा 55 के उपबंधों के अनुसरण में यथोचित शास्ति अधिरोपित करेगा।

(18) यदि किसी अधिकरण या न्यायालय ने उप-नियम (16) के अधीन निर्दिष्ट कार्यवाहियों में इस आशय का आदेश पहले ही दे दिया है, तो न्यायनिर्णायक प्राधिकारी शास्ति के लिए कोई आदेश नहीं देगा।

(19) कोई व्यक्ति या प्रसुविधा का दावाकर्ता, जो इस अधिनियम के अधीन किसी अपराध के बारे में किसी न्यायालय के समक्ष परिवाद करने का आशय रखता है, प्रपत्र 16 में कम से कम तीस दिन पहले इसकी सूचना केन्द्रीय सरकार या इस निमित्त प्राधिकृत प्राधिकरण या प्राधिकारी को उक्त अधिनियम की धारा 61 के अधीन शिकायत करने के अपने आशय के बारे में ऑनलाइन या पावती प्राप्त कर रजिस्ट्रीकृत पोस्ट या स्पीड पोस्ट के माध्यम से सूचित करेगा।

(20) सूचना प्राप्त करने से तीस दिन की अवधि की समाप्ति पर और प्राधिकरण या केन्द्रीय सरकार द्वारा की गई कार्रवाई से संतुष्ट न होने पर, ऐसा व्यक्ति या हितलाभ दावाकर्ता, उक्त अधिनियम के अधीन अपराध का संज्ञान लेने का क्षेत्राधिकार रखने वाले न्यायालय के समक्ष लिखित शिकायत दर्ज कर सकेगा।

परंतु केन्द्रीय सरकार या कोई प्राधिकरण या उस सरकार द्वारा प्राधिकृत प्राधिकारी, उक्त अधिनियम की धारा 61 के खंड(क) के अधीन न्यायालय को इस अधिनियम के अधीन किसी अपराध का संज्ञान लेने के लिए लिखित शिकायत कर सकेगा।

24. न्यायनिर्णायक प्राधिकारी के आदेश से अपील .- न्यायनिर्णायक प्राधिकारी के आदेश से व्यथित कोई व्यक्ति, उक्त अधिनियम की धारा 52क के अधीन राष्ट्रीय हरित अधिकरण अधिनियम, 2010 (2010 का 19) की धारा 3 के अधीन स्थापित राष्ट्रीय हरित अधिकरण में अपील कर सकेगा।

25. शास्ति की मात्रा अवधारित करते समय विचार किए जाने वाले कारक .- (1) न्यायनिर्णायक प्राधिकारी शास्ति की मात्रा अवधारित करने के लिए निम्नलिखित कारकों का यथोचित ध्यान रखेगा, अर्थात:-

(क) उक्त अधिनियम के उपबंधों के उल्लंघन के परिणामस्वरूप किए गए अनुपातहीन लाभ या अनुचित फायदे, जहां भी मात्रात्मक हो, की राशि;

(ख) उक्त अधिनियम की धारा 55 में निर्दिष्ट उपबंधों के उल्लंघन के लिए शास्ति, एक लाख रुपए से कम नहीं होगी और पचास लाख रुपए तक बढ़ाई जा सकेगी;

(ग) ऐसे मामले, जिसमें हुई क्षति, उप-नियम (2) के अधीन अवधारित शास्ति की राशि से अधिक है, तो शास्ति हुई क्षति के अनुरूप होगी।

स्पष्टीकरण - इस खंड में अभिव्यक्त - क्षति में पर्यावरण की क्षति और प्रयुक्त जैविक संसाधन का मूल्य तथा उक्त अधिनियम के उपबंधों का उल्लंघन करके उससे व्युत्पन्न उत्पादों का मूल्य शामिल है;

(घ) विफल रहने या निरंतर उल्लंघन होने के मामले में, उप-नियम (2) या (3) के अधीन शास्ति के अतिरिक्त अधिकतम एक करोड़ रुपए की अतिरिक्त शास्ति अधिरोपित की जाएगी;

(ङ) कोई अन्य चीजें, जो न्यायनिर्णायक प्राधिकारी द्वारा जैवविविधता के संरक्षण और पर्यावरण की सुरक्षा के लिए सुसंगत समझी जाएंगी।

(2) संबंधित व्यक्ति या इकाई को मामले में सुनवाई का उचित अवसर दिए बिना शास्ति अधिरोपित नहीं की जाएगी।

(3) उक्त अधिनियम के अधीन न्यायनिर्णायक प्राधिकारी द्वारा अधिरोपित शास्ति, उक्त अधिनियम की धारा 55 और राष्ट्रीय हरित अधिकरण अधिनियम, 2010 (2010 का 19) की धारा 17 के अधीन राहत या मुआवजे का भुगतान करने के दायित्व के अतिरिक्त होगी।

26. शास्ति की राशि का निक्षेपण .– इन नियमों के अधीन वसूली गई शास्तियों की समस्त राशियां, राष्ट्रीय जैवविविधता निधि में जमा की जाएंगी और उक्त अधिनियम की धारा 7 के अधीन अपराधों से संबंधित शास्तियों की समस्त राशियां, यथास्थिति संबंधित राज्य जैवविविधता बोर्ड या संघ राज्य क्षेत्र जैवविविधता परिषद की जैवविविधता निधि, में जमा की जाएंगी।

पहली अनुसूची
आवेदन प्ररूप और शुल्क

क्र.सं.	आवेदन का प्रयोजन	आवेदन शुल्क
(1)	(2)	(3)
1.	उक्त अधिनियम की धारा 3(2) के अधीन आने वाले व्यक्तियों द्वारा अनुसंधान या जैव-सर्वेक्षण और जैव-उपयोग के लिए जैविक संसाधनों या उससे संबद्ध ज्ञान तक पहुंच के लिए राष्ट्रीय जैवविविधता प्राधिकरण का पूर्व अनुमोदन प्राप्त करने के लिए आवेदन	
	व्यष्टि के लिए	₹ 10,000.00
	इकाई के लिए	₹ 20,000.00

2.	उक्त अधिनियम की धारा 3(2) के अधीन आने वाले व्यक्तियों द्वारा वाणिज्यिक उपयोग के लिए जैविक संसाधनों या उससे संबद्ध ज्ञान तक पहुंच के लिए राष्ट्रीय जैवविविधता प्राधिकरण का पूर्व अनुमोदन प्राप्त करने के लिए आवेदन	
	व्यष्टि के लिए	₹ 10,000.00
	इकाई के लिए	₹ 20,000.00
3.	वाणिज्यिक प्रयोजनों के लिए या अन्यथा व्यक्तियों द्वारा धारा 3(2) के अधीन अनुसंधान के परिणामों को साझा या हस्तांतरित करने के लिए राष्ट्रीय जैवविविधता प्राधिकरण का पूर्व अनुमोदन प्राप्त करने के लिए आवेदन	
	व्यष्टि के लिए	₹ 5,000.00
	इकाई के लिए	₹ 10,000.00
4.	हस्तांतरिती (धारा 3(2) व्यक्ति) द्वारा आगे के अनुसंधान के लिए अनुसंधान के परिणामों का उपयोग करने के लिए राष्ट्रीय जैवविविधता प्राधिकरण के पास पूर्व रजिस्ट्रीकरण करने के लिए आवेदन।	
	व्यष्टि के लिए	₹ 2,000.00
	इकाई के लिए	₹ 5,000.00
5.	हस्तांतरिती (धारा 3(2) व्यक्ति) द्वारा वाणिज्यिक उपयोग के लिए अनुसंधान के परिणामों का उपयोग करने के लिए राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण का पूर्व अनुमोदन प्राप्त करने के लिए आवेदन	
	व्यष्टि के लिए	₹ 10,000.00
	इकाई के लिए	₹ 20,000.00
6.	हस्तांतरिती (धारा 3(2) व्यक्ति) द्वारा बौद्धिक संपदा अधिकार प्राप्त करने के लिए अनुसंधान के परिणामों का उपयोग करने के लिए पूर्व अनुमोदन प्राप्त करने के लिए आवेदन	
	व्यष्टि के लिए	₹ 5,000.00
	इकाई के लिए	₹ 10,000.00
7.	उक्त अधिनियम की धारा 3(2) के अधीन आने वाले व्यक्तियों द्वारा बौद्धिक संपदा अधिकार स्वीकृत करने से पूर्व राष्ट्रीय जैवविविधता प्राधिकरण का पूर्व अनुमोदन प्राप्त करने के लिए आवेदन	
	व्यष्टि के लिए	₹ 5,000.00
	इकाई के लिए	₹ 10,000.00
8.	उक्त अधिनियम की धारा 7 के अधीन आने वाले व्यक्तियों द्वारा बौद्धिक संपदा अधिकार स्वीकृत करने से पूर्व राष्ट्रीय जैवविविधता प्राधिकरण के पास रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन।	
	व्यष्टि के लिए	₹ 2,000.00
	इकाई के लिए	₹ 5,000.00
9.	उक्त अधिनियम की धारा 7 के अधीन आने वाले व्यक्तियों द्वारा बौद्धिक संपदा अधिकारों के वाणिज्यीकरण के लिए राष्ट्रीय जैवविविधता प्राधिकरण का पूर्व अनुमोदन प्राप्त करने के लिए आवेदन।	

	व्यष्टि के लिए	₹ 5,000.00
	इकाई के लिए	₹ 10,000.00
10.	भारत में किसी भी विदेशी से प्राप्त जैविक संसाधनों या संबद्ध पारंपरिक ज्ञान के उपयोग की घोषणा के लिए प्रपत्र।	शून्य
11.	खेती किए गए औषधीय पौधों की उत्पत्ति का प्रमाण-पत्र प्राप्त करने के लिए आवेदन सह संरूप	₹ 200.00
12.	जैवविविधता प्रबंधन समिति द्वारा अनुरक्षित किए जाने के लिए खेती किए गए औषधीय पौधों के ब्यौरे वाली पुस्तक का संरूप	शून्य
13.	गैर-वाणिज्यिक अनुसंधान या आपातकालीन प्रयोजनों के लिए अनुसंधान करने के लिए भारतीय अनुसंधानकर्ताओं/संस्थानों द्वारा जैविक संसाधनों को भारत के बाहर भेजने/ले जाने के लिए राष्ट्रीय जैवविविधता प्राधिकरण का पूर्व अनुमोदन प्राप्त करने के लिए आवेदन।	₹ 1,000.00
14.	विवादों के निपटारे के लिए केंद्रीय सरकार के समक्ष अपील ज्ञापन का प्रपत्र	शून्य
15.	पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय या राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण द्वारा उनके समक्ष हाजिर होने के लिए जारी की जाने वाली सूचना का संरूप	शून्य
16.	किसी भी व्यक्ति/लाभ दावाकर्ता द्वारा सूचना का संरूप	शून्य

दूसरी अनुसूची

[नियम 2(1) (छ) देखें]

प्ररूप- 1

{उक्त अधिनियम की धारा 3 और नियम 13(1) देखें}

उक्त अधिनियम की धारा 3(2) के अधीन आने वाले व्यक्तियों द्वारा अनुसंधान या जैव-सर्वेक्षण और जैव-उपयोग के लिए जैविक संसाधनों या उससे संबद्ध ज्ञान तक पहुंच के लिए राष्ट्रीय जैवविविधता प्राधिकरण का पूर्व अनुमोदन प्राप्त करने के लिए आवेदन

1	**आवेदक का विवरण**	
(i)	आवेदक की श्रेणी	(ड्रॉप डाउन मेनू) क. व्यष्टि ख. व्यष्टि और इकाई ग. इकाई
(ii)	आवेदक का नाम	
(iii)	आवेदक की स्थिति	(ड्रॉप डाउन मेनू) क. एनआरआई ख. गैर-भारतीय ग. उक्त अधिनियम की धारा 3(2) के अधीन आने वाली इकाई।

(iv)	आवेदक का पता (पिन कोड, ईमेल, मोबाइल और वैकल्पिक मोबाइल नंबर और/या लैंडलाइन नंबर सहित डाक का पता)	
(v)	व्यष्टि/इकाई की विवरणिका	
(vi)	व्यवसाय की प्रकृति (आवेदक के इकाई होने पर लागू)	
(vii)	आवेदक के लिए प्राधिकृत प्रतिनिधि का ब्यौरा (आवेदक के इकाई होने पर लागू) (पिन कोड, ईमेल, मोबाइल और वैकल्पिक मोबाइल नंबर और/या लैंडलाइन नंबर सहित डाक के पते के साथ नाम)	
(viii)	भारत में आवेदक से संपर्क के लिए व्यक्ति (यदि कोई हो) (पिन कोड, ईमेल, मोबाइल और वैकल्पिक मोबाइल नंबर और/या लैंडलाइन नंबर सहित डाक के पते के साथ नाम)	
(2)	**पहुंच प्राप्त करने के लिए आशयित जैविक संसाधनों और उससे संबंद्ध ज्ञान का ब्यौरा**	
(i)	**जैविक संसाधन का ब्यौरा**	(ड्रॉप डाउन मेनू) i. जैविक संसाधनों की प्रकृति (पौधा / पशु / रोगाणु / आनुवंशिक सामग्री / किस्म/ संकर) ii. सामान्य नाम iii. वैज्ञानिक नाम (जीनस और प्रजातियां / विविधता / नस्ल) iv. पौधे के भाग (बीज, तना, छाल, पत्ती, फूल, फल, जड़, प्रकंद, आनुवंशिक सामग्री, अर्क, रिसाव, आदि) v. प्रत्येक जैविक संसाधन की मात्रा किग्रा./ग्रा./मि. में) vi. पंहुच की अवधि (प्रत्याशित आरंभिक और अंतिम तारीख) vii. पहुंच की आवृत्ति (जैविक संसाधनों तक कितनी बार पहुंच प्राप्त की जाएगी)

		viii. पहुंच का स्रोत (वन्य / खेती / संस्थान / भंडारगृह / व्यापारी / बाजार) ix. भौगोलिक अवस्थिति (गांव, तालुक, जिला, राज्य)। यदि किसी व्यापारी/संस्थान से खरीदा गया है, तो उनका नाम, पता और संपर्क ब्यौरा दिया जाए; यदि भंडारगृह/संस्थान से खरीदा गया है, तो एकत्रण का स्रोत बताया जाए।
(ii)	**इससे संबद्ध ज्ञान के बारे में ब्यौरा :**	
(क)	संबद्ध ज्ञान की प्रकृति (मौखिक/प्रलेखित)	
(ख)	पहुंच प्राप्त करने के लिए आशयित पारंपरिक ज्ञान का ब्यौरा (अधिकतम 100 शब्दों में)	
(ग)	पारंपरिक ज्ञान धारक (व्यक्ति/समुदाय) का नाम	
(घ)	पारंपरिक ज्ञान धारक (व्यक्ति/समुदाय) का पता	
(3)	**अनुसंधान की प्रत्याशित अवधि**	
(4)	**प्रयोजन, जिसके लिए पहुंच अपेक्षित है, के साथ-साथ इसका उपयोग करते हुए किए जा रहे और किए जाने के लिए प्रत्याशित अनुसंधान का प्रकार और विस्तार**	
(i)	अनुसंधान के बारे में संक्षिप्त विवरण	
(ii)	शोध के प्रत्याशित परिणाम	
(5)	**अनुसंधान और विकास क्रियाकलापों में भाग लेने वाले किसी संस्थान का ब्यौरा**	
(i)	व्यक्ति या संस्थान का नाम	
(ii)	संपर्क ब्यौरा (पिन कोड, ईमेल, मोबाइल और वैकल्पिक मोबाइल नंबर और/या लैंडलाइन नंबर सहित डाक का पता)	
(6)	**लाभ सहभाजन का वरीय रीति**	i. मौद्रिक ii. गैर-मौद्रिक iii. दोनों
(7)	**पहुंच प्रदान किए गए जैविक संसाधनों और उससे संबद्ध ज्ञान के उपयोग से भारत/समुदायों को होने वाले लाभों का आकलन**	

(8)	**संगत समझी जाने वाली कोई अन्य जानकारी**	
(9)	**आवेदन शुल्क के प्रेषण का ब्यौरा** (भुगतान की रीति, संव्यवहार आईडी, राशि, तारीख, आदि)	

घोषणा

मैं/हम घोषणा करता हूं/करते हैं कि :

1. प्रस्तावित जैविक संसाधनों के एकत्रण से संसाधनों की संधारणीयता पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा;
2. प्रस्तावित जैविक संसाधनों के एकत्रण से कोई पर्यावरणीय प्रभाव नहीं पड़ेगा;
3. प्रस्तावित जैविक संसाधन के एकत्रण से पारिप्रणालियों के लिए कोई जोखिम उत्पन्न पैदा नहीं होगा; और
4. प्रस्तावित जैविक संसाधनों और उससे संबद्ध ज्ञान के एकत्रण से स्थानीय समुदायों पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।

मैं/हम यह भी घोषणा करता हूं/करते हैं कि आवेदन प्रपत्र में दी गई सूचना मेरी/हमारी जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य और सही है और इसमें कुछ भी छुपाया नहीं गया है और इसका कोई भी भाग गलत नहीं है। प्रदान की गई किसी भी असत्य या गलत सूचना के लिए मैं/हम उत्तरदायी होंगे।

स्थान हस्ताक्षर

तारीख नाम

प्ररूप- 2

{उक्त अधिनियम की धारा 3 और नियम 13(1) देखें}

उक्त अधिनियम की धारा 3(2) के अधीन आने वाले व्यक्तियों द्वारा वाणिज्यिक उपयोग के लिए जैविक संसाधनों या उससे संबद्ध ज्ञान तक पहुंच के लिए राष्ट्रीय जैवविविधता प्राधिकरण का पूर्व अनुमोदन प्राप्त करने के लिए आवेदन

1	**आवेदक का विवरण**	
(i)	आवेदक की श्रेणी	(ड्रॉप-डाउन मेनू) क. व्यष्टि ख. व्यष्टि और इकाई ग. इकाई
(ii)	आवेदक का नाम	
